पत्रांक : केन्द्रीय (मा०)–329/22 कं०-136

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**प्रेषक,**

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

**सेवा में,**

**सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
बिहार।

पटना, दिनांक : 03 / 2 / 2023

**विषयः–वार्षिक माध्यमिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2023 के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों के उपयोग हेतु केन्द्रवार सामग्रियों को आपके कार्यालय में विशेष दूत के द्वारा भेजने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि वार्षिक माध्यमिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2023 **दिनांक 14.02.2023 से 22.02.2023 तक** दोनों पालियों में कार्यक्रमानुसार आयोजित होगी। इस परीक्षा के निमित्त सभी परीक्षा केन्द्रों के उपयोग हेतु पैकिंग सामग्री यथा–पॉली बैग, विभिन्न आकार एवं रंग के लिफाफा (चस्पे स्टिकर सहित), कॉरूगेटेड बॉक्स (चस्पे स्टिकर सहित) आदि तथा केन्द्राधीक्षक का नियुक्ति पत्र, सहमति पत्र, परीक्षा संचालन निर्देशिका, रौल शीट, विभिन्न प्रकार के प्रपत्र (R1, R2, A1, A2, S1 to S10), गश्ती जोनल पंजी, विषय न्यूमेरिक कोड, कार्यक्रम की प्रति, परीक्षा संचालन अधिनियम, 1981 की प्रति, वीक्षक का घोषणा पत्र, कदाचार संबंधी प्रपत्र, ओ0एम0आर0 एवं उत्तरपुस्तिका की डिस्पैच मेमो का बुकलेट आदि आपके कार्यालय में सभी परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक/उनके द्वारा प्राधिकृत दूत को वितरण हेतु केन्द्रवार व्यवस्थित पैकिंग में उपलब्ध करायी जा रही है।

2. अंकनीय है कि समिति के निर्दिष्ट Examination App (Android) आदि के परिचालन हेतु प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के लिए यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड तथा App Install करने संबंधी लिंक के विषय में जानकारी हेतु गोपनीय पत्रादि भी भेजा जा रहा है।

3. परीक्षा संचालन के लिए सभी प्रमण्डलीय आयुक्त कार्यालय, क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, जिला पदाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अनुमण्डल पदाधिकारी को निदेश पत्र, परीक्षा संचालन निर्देशिका एवं विभिन्न प्रपत्र की नमूना, सेन्टर टैगिंग लिस्ट आदि की प्रति उपलब्ध कराया जाना है। इस परिदृश्य में जिला मुख्यालय से संबंधित कार्यालयों के लिए निर्दिष्ट सामग्री समिति के विशेष दूत के द्वारा स्वयं व्यवस्थित पैकिंग में प्राप्त करा दिया जायेगा, किन्तु कतिपय अनुमण्डल पदाधिकारी के कार्यालय जिला मुख्यालय से बाहर होते हैं, इसलिए ऐसे कार्यालयों के लिए प्रेषित सामग्रियों को आपके कार्यालय में ही प्राप्त कराया जायेगा, जिसे आपके द्वारा अविलंब संबंधित पदाधिकारियों को उपलब्ध करायी जायेगी। उपर्युक्त कंडिकावार सामग्रियों को प्रमण्डलवार जिलों के लिए समिति द्वारा दो (02) चरणों में निम्नवत् आपूर्ति की जायेगी :–

| क्र. सं. | प्रमण्डल का नाम | सामग्रियों को भेजने की तिथि | आपके कार्यालय में सामग्री की प्राप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|
| *I* | *II* | *III* | *IV* |
| 1 | दरभंगा, पटना, गया एवं सारण | 04.02.2023 | 05.02.2023 |
| 2 | पूर्णियाँ, मुंगेर, भागलपुर, कोशी एवं तिरहुत | 05.02.2023 | 06.02.2023 |

4. उपर्युक्त तालिका के अनुरूप समिति के प्रतिनियुक्त विशेष दूत द्वारा आपके कार्यालय में चरणवार प्रेषित सामग्रियों को स्तंभ–iv के अनुसार अंकित तिथि को आपूर्ति के दरम्यान भली–भाँति जाँच कर इसे अविलंब प्राप्त करने तथा प्रतिनियुक्त विशेष दूत को पावती देने हेतु अनिवार्य रूप से आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि इन सामग्रियों को प्राप्त करने हेतु वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में भी अन्य दो कर्मियों को भी इस कार्य हेतु पूर्व ही नामित कर लिया जाय ताकि किसी भी परिस्थिति में आपूरित सामग्रियों को अविलंब प्राप्त कराया जा सके तथा समिति द्वारा प्रतिनियुक्त कर्मी/वाहन अनावश्यक रूप से प्रतीक्षारत न रहे।

5. केन्द्रवार व्यवस्थित पैकिंग में प्रेषित इन सामग्रियों को शीघ्र सभी केन्द्राधीक्षक/उनके द्वारा प्राधिकृत दूत को वितरण कराने की व्यवस्था की जाय। प्राप्त सामग्रियों को जाँच कर यह आश्वस्त हो लेने हेतु भी स्पष्ट निदेश दिया जाय कि उसमें कोई त्रुटि एवं विसंगति नहीं है तथा उनके परीक्षा केन्द्र के अनुसार सभी सामग्री प्राप्त हो चुकी है तथा अब कोई सामग्री प्राप्त करना शेष नहीं है। इन सामग्रियों को सुरक्षित

संधारण कराने तथा गोपनीयता बनाये रखने एवं यह किसी भी परिस्थिति में क्षतिग्रस्त न हो, इसके लिए भी अनिवार्य रूप से सभी आवश्यक कार्रवाई हेतु केन्द्राधीक्षक को स्पष्ट निदेश देने की कृपा की जाय। इस पूरी प्रक्रिया में कोविड–19 के बचाव हेतु SOP (Standard Operating Procedure) एवं कोविड अनुकूल व्यवहार का अनुपालन किया जाना अनिवार्य रूप से अपेक्षित है।

**6.** आपूरित सामग्रियों में से कोई सामग्री अप्राप्त/अनुपलब्ध/त्रुटिपूर्ण/मुद्रणदोष हो एवं इसमें किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न हो रही हो, तो इसकी सूचना अविलंब परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक) का मोबाईल संख्या 9431057268, उप परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक) के मोबाईल संख्या 7979815223, अपर सचिव, भंडार का मोबाईल नंबर–9431632392, भंडार प्रशाखा के सहायक का मोबाईल नंबर–9308450638 तथा प्रशाखा पदाधिकारी, केन्द्रीय का मोबाईल नंम्बर 9661704660, 9431880913 पर सूचित कर समस्या का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही इस संदर्भ में परीक्षा नियंत्रक (मा०) के ई–मेल आई0डी0 coemat-bseb-bih@gov.in पर भी किसी समस्या से अवगत कराया जा सकता है।

**7.** वर्णित परिदृश्य में अनुरोध है कि उपर्युक्त कंडिका के आलोक में अनिवार्य रूप से आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय ताकि उपर्युक्त सामग्रियों को ससमय सभी केन्द्राधीक्षक को प्राप्त हो सके तथा परीक्षा संबंधी कार्य निर्बाध संपन्न हो सके।

कृपया इसे अति आवश्यक समझा जाय।

विश्वासभाजन,

03.02/23

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

ज्ञापांक : केन्द्रीय (मा०)–329/22 के0–136/पटना, दिनांक : 03/2/2023